## छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आगाज

**✷ 2 से 6 दिसंबर तक आयोजित है प्रतियोगिता**

**✷ 12 जिलों के 150 खिलाड़ी कर रहे है शिरकत**




दंतेवाड़ा, 03 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और जिला बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वावधान में आज दंतेवाड़ा जिले में 23वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ डीआईजी, कलेक्टर, एसपी, जिला पंचायत सीईओ और अन्य अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

मुख्यालय के इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में उद्घाटन समारोह के अवसर पर विधायक श्री चैतराम अटामी ने अपने संबोधन में कहा कि यह हमारे दंतेवाड़ा जिले के लिए गर्व की बात है कि ऐसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिता यहां आयोजित की जा रही है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिखाने के साथ-साथ जिले में खेल संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भविष्य में इस तरह की और प्रतियोगिताएं दंतेवाड़ा में आयोजित की जानी चाहिए ताकि स्थानीय युवाओं को प्रेरणा मिल सके और खेलों के प्रति उनका रुझान बढ़े। इसके साथ ही उन्होने सभी खिलाडियों का अभिनन्दन करते हुए बेहतर खेल प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व 23 वीं राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोह में विधायक श्री चैतराम अटामी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय और जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा ने बैडमिंटन प्रदर्शन मैच खेला।

ज्ञात हो कि प्रतियोगिता में कुल 12 जिले रायपुर, दुर्ग, भिलाई, कोरबा, रायगढ़, कवर्धा, बिलासपुर, महासमुंद, बस्तर, जांजगीर, सुकमा, दंतेवाड़ा के 150 खिलाड़ी ( महिला खिलाड़ी 40 व पुरुष 110) भाग ले रहे है। 2 दिसंबर से 6 दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में उपरोक्त जिले के खिलाड़ी अपनी उत्कृष्टता और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर अन्य अतिथियों ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को खेल में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। आयोजन समिति ने भी सफल प्रतियोगिता की कामना करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, नगरपालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एडिशनल एसपी आर.के बर्मन, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे एवं खिलाडी उपस्थित थे।

## विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली आयोजित

सुकमा, 03 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। शासकीय नवीन महाविद्यालय कोंटा में विश्व एड्स दिवस कार्यकम के अंतर्गत सोमवार को एड्स जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण गतिविधियों का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष 1 दिसंबर 2024 का थीम च्अपने अधिकारों को समझिये और सही रास्ता चुनियेज्ज् के अनुसार किया गया। एवं इस अवसर पर श्री डी सुरेश बाबु, प्राचार्य ने एच.आई.बी एवं एड्स से संबंधित जानकारी एवं बचाव से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवकों को प्रदान किये एवं एच. आई.बी. संबधित अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1097 पर कॉल करें।

प्रो. शशिकांत धुवे, समाजशास्त्र एवं कार्यकम अधिकारी (रासेयों) ने अपने विचार व्यक्त किये कि वर्तमान समय में घर, परिवार, समाज पूरे राष्ट्र में हमें इस बीमारी को लक्ष्य वर्ष 2030 तक समाप्ति के लिये विभिन्न प्रकार संचरण के तरीके जैसे असुरक्षित यौन संबंध,



रक्त संचरण, इंजेक्शन साझा करना, गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान द्वारा जैसे संक्रमण के तरीकों से बचना होगा, तभी आने वाली पीड़ी इस गंभीर बीमारी से बचाव किया जा सकता है। इस अवसर अतिथि व्याख्यातागण मुकेश कुमार पटेल, रोहित कुमार जांगड़े, वेणु वर्मा, कमलेश निषाद, बालकदास, संगीता एन्नल, अमित मंडल, चांदनी मरकाम, रोहिणी चौरे एवं सभी संकायो के विद्यार्थिगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवक उपस्थित थे।

### छात्राओं के द्वारा निकाली गई एड्स जागरूकता रैली

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हारराश सुकमा व बालिका पोटाकेबिन सुकमा के छात्र-छात्राओं के द्वारा एचआईवी एड्स की जागरूकता रैली निकाली गई। जिला चिकित्सालय से निकली रैली के माध्यम से शहर के प्रमुख चौराहों से होकर जन सामान्य तक एड्स जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव व जागरूकता का सन्देश दिया गया। जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमआर कश्यप व जिला एड्स अधिकारी डॉ. बारसे भीमाराम द्वारा रैली की अगुवाई की गई। कार्यक्रम में डॉ. अनामय बिड़वई, डॉ. स्वेता शर्मा, जयनारायण सिंह जिला टीबी एचआईवी समन्वयक, संतोष चौहान वरिष्ठ लैब पर्वेक्षक, श्रीमती कोशिल्या चंद्राकर जिला एस.टी.आई परामर्शदाता, श्री राजेश सोलंकी जिला कार्यक्रम अधिकारी पीरामल स्वास्थ्य अमोल बोरकर , सागर तथा विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।

## रेत माफ़ियाओ से भाजपा नेताओं की सांठ.गांठ, जिले में अवैध रेत उत्खनन जारी - विक्रम मंडावी



बीजापुर 03 दिसम्बर (दण्डकारण्य समाचार)बीजापुर जिले में हो रहे अवैध रेत उत्खनन को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार रविवार को बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी के नेतृत्व में 7 सदस्यीय कांग्रेस का जांच दल बीजापुर जिले के भोपालपटनम विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत.तरलागुड़ा भद्राकाली अटुकपल्ली चंदुर एवं तिमेड़ के पंचायत प्रतिनिधियों व स्थानीय ग्राम वासियों से भेंट चर्चा कर प्रकरण की वस्तुस्थिति से अवगत हुए और रेत खदान का निरीक्षण किया। जिले में रेत की अवैध तस्करी किये जाने व ग्राम पंचायतों पर रेत माफ़ियाओं को ठेका देने का दबाव बनाये जाने के मामले की जांच की गई जिसमें अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के कई गंभीर शिकायतें कांग्रेस के 7 सदस्यीय जांच दल को मिली है जिसकी विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार कर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को सौंपी जाएगी।

वहीं तरलागुडा में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि ग्राम पंचायत तरलागुड़ा भद्राकाली अटुकपल्ली चंदुर एवं तिमेड़ में शासन के द्वारा ग्राम पंचायतों को रेत खदान आवंटित किया गया था लेकिन भारतीय जनता पार्टी के कतिपय नेताओं द्वारा रेत माफ़ियाओं से सांठ.गांठ कर रेत उत्खनन का ठेका दिलाने रेत बेचने और छत्तीसगढ़ से तेलंगाना राज्य में अवैध रूप से रेत परिवहन करने का काम किया जा रहा हैं।

विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि एक तरफ़ प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार नारा देती है कि यह सुशासन की सरकार है डबल इंजन की सरकार है तो वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के इन नेताओं के द्वारा सरकार का भय दिखाकर जिले के अधिकारियों कर्मचारियों और ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों को लगातार डरा धमकाकर रेत माफ़ियाओं को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं।

बाहरी राज्यों के रेत तस्कर लगातार इन क्षेत्रों में डराने धमकाने का काम किया जा रहा है और शांतिप्रिय क्षेत्र का माहौल खराब करने का काम कर रहे है जिससे आने वाले समय मे शांतिप्रिय माहौल खराब होगा। यह जानते हुए भी कि बीजापुर जिला महाराष्ट्र और तेलंगाना के सीमा से लगा हुआ जिला है बावजूद इसके इस सीमावर्ती क्षेत्र में जिले के खनिज विभाग के अधिकारी के साथ साथ प्रशासन का कोई भी अधिकारी दौरा तक नहीं कर रहा है यही वजह है कि रेत तस्कर अवैध रूप से खुलेआम रेत खनन कर रहे हैं।

विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि विपक्ष और मीडिया जब आवाज उठाते है तब प्रशासन खानापूर्ति करने के लिये कार्यवाही करती है जब पेड़ काटे जाते है तब वन विभाग कहां था उस समय वन विभाग ने कोई कार्यवाही क्यों नही की। अब दिखावा के लिये कार्यवाही किया जा रहा है लेकिन उस कार्यवाही में भी कोई पारदर्शिता नहीं है। वन विभाग उल्टे कार्यवाही को छुपा रही है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में यह भी कहा कि लगातार प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया में रेत माफ़ियाओं की खबरें आने के बावजूद जिला प्रशासन और खनिज विभाग के द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं करना इस बात को दर्शाता है कि इस पूरे मामले में प्रदेश की भाजपा सरकार के संरक्षण में बीजापुर जिले में अवैध रेत उत्खनन और अवैध रेत तस्करी की जा रही है।

विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार से मांग करते हुए कहा कि बीजापुर जिले में हो रहे अवैध रेत उत्खनन मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई हो अन्यथा आने वाले दिनों में जिले में हो रहे अवैध रेत उत्खनन और रेत तस्करी के मामलों को लेकर कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। प्रेस वार्ता के दौरान जांच समिति के सदस्य लालू राठौर अध्यक्ष.जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर शंकर कुडियाम अध्यक्ष जिला पंचायत सरिता चापा सदस्य.जिला पंचायत कामेश्वर गौतम पूर्व अध्यक्ष.कृषि उपज मंडी रमेश पामभोई अध्यक्ष.ब्लाक कांग्रेस कमेटी भोपालपटनम जिला पंचायत सदस्या संत मण्डावी तारलगुड़ा सरपंच काका भास्कर मडी अशोक सरपंच चेन्दूर मीना गोटा सरपंच तिमेड पिरला सत्यम सरपंच सालिक नागवंशी वल्वा मदनैया मिच्चा मुतैया सुनील उद्दे सुरेश सोढ़ी, अशोक करतम, श्रीनिवास करतम के अलावा बड़ी संख्या में जिले के कांग्रेस नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अवैध रेत खनन के विरोध मे एन एच 63 तीन घंटे रहा जाम



**✷ एसडीएम की समझाईश के बाद चक्का जाम समाप्त किया गया**

भोपालपटनम 03 दिसम्बर (दण्डकारण्य समाचार) तारलागुडा नदी से अवैध रूप से रेत निकासी को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर रविवार को विक्रम मंडावी के नेतृत्व में सात सदस्यीय कांग्रेस जांच दल की सूचना के बाद भी कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। इससे नाराज कांग्रेस दल और वहां के प्रमुख लोगों ने एन एच 63 पर चक्का जाम कर दिया। तीन घंटे चली जाम के बाद भोपालपटनम के एस डी एम मौके पर पहुंचे और चर्चा उपरांत चक्का जाम समाप्त किया गया। इस बीच चक्का जाम से यात्री बसो और अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पडी।

## नियद नेल्लानार योजनांतर्गत जिले में सोलर हाई मास्ट संयंत्रों की स्थापना से ग्रामीणों में खुशी की लहर

**✷ छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण विभाग (क्रेडा) की पहल**



नारायणपुर, 3 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा ज्नियद नेल्लानारज्ज् (आपका अच्छा गांव) योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत, सुरक्षा कैंपों के पांच किलोमीटर की परिधि में स्थित गांवों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने की मुहिम चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में 14 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं। इन कैंपों के पांच किलोमीटर के दायरे में बसे गांवों के निवासियों को 25 से अधिक बुनियादी सुविधाओं और 32 व्यक्ति-आधारित योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। योजना का उद्देश्य इन क्षेत्रों में विकास को गति देना और ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारना है।

इन्हीं प्रयासों के तहत ग्राम मसपुर में क्रेडा (छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण) विभाग द्वारा सोलर हाई मास्ट संयंत्र की स्थापना की गई है। ग्राम मसपुर के घोटूल परिसर और आश्रम परिसर में स्थापित इन सोलर संयंत्रों से रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो रही है। इससे न केवल ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत हो रही है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी अब रात में आसानी से किया जा सकता है। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे बेहद उपयोगी बताया है। इस सुविधा ने गांव के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं, जिससे गांववासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल के डिप्लोमा एवं आईटीआई छात्रों के लिए 4 दिसंबर को जावंगा में होगी कार्यशाला

दंतेवाड़ा, 03 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केंद्र से प्राप्त जानकारी अनुसार दंतेवाड़ा जिले के डिप्लोमा एवं आईटीआई उत्तीर्ण छात्रों के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनी ज्बॉषज्ज् के नासिक प्लांट में अप्रेंटिस के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन 4 दिसंबर 2024 को समय 1 बजे से आईटीआई भांसी एवं डीएवी पॉलिटेक्निक जावंगा में किया जाएगा।

इस संबंध में फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, मशीनिस्ट, ग्राइंडर एमएमटीएम, डीजल मैकेनिक, ओएएमटी आदि ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण तथा मैकेनिकल, ऑटोमोबाइल, प्रोडक्शन, इलेक्ट्रिक, ई एंड टीसी में डिप्लोमा धारी इच्छुक युवा निर्धारित तिथि में उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते है।

## दिव्यांग को मिला बैटरी चलित ट्रायसायकल




कांकेर 3 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। समाज कल्याण विभाग द्वारा नरहरपुर जनपद के जगदीश नरेटी को बैटरी चलित ट्रायसायकल प्रदान किया गया। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि जगदीश जो पैर से 80 प्रतिशत दिव्यांग है, उन्होंने सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रायसायकल प्रदान किया गया। सहायक उपकरण मिलने पर दिव्यांग ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अवैध रेत भंडारण एंव परिवहन पर भाजपा नेताओं ने भी खोला मोर्चा



बीजापुर 03 दिसम्बर (दण्डकारण्य समाचार) बीजापुर जिले के तारलागुडा में अवैध रेत उत्खनन की खबरें लगातार सामने आते देख गुरुवार को जिले के भाजपा नेताओं ने तारलागुडा रेत उत्खनन क्षेत्र का दौरा कर अवैध रूप से रेत भंडारण और रेत भंडारण के लिए बने सड़क अवैध रेत उत्खनन और रेत को तेलंगाना के लिए हो रहे अवैध परिवहन को रोकने और अवैध रूप से सैकड़ों बेशकीमती इमारती पेड़ों की कटाई करने को लेकर प्रदेश के वनमंत्री और बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप और बस्तर के सांसद महेश कश्यप से मुलाकात कर इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग करने की बात कही है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि पहले से ही तारलागुडा में विधिवत रूप से एक रेत खदान चालू है उसके बावजूद दूसरा रेत खदान क्यों चालू किया जा रहा है यह समझ से परे है। इस रेत खदान को चालू करने के लिए लगभग पांच किलो मीटर सड़क बनाने के लिए और रेत भंडारण हेतु ग्राउंड बनाने के लिए सरकारी जमीन के सैकड़ों बेशकीमती इमारती पेड़ों की कटाई की गई और अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, और न कोई जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में संज्ञान ले रहा है सरपंच सचिव, राजस्व, खनिज व वनविभाग के सांठगांठ से तेलंगाना रेत माफ़ियाओं को सहयोग मिल रहा है। भाजपा नेताओं ने यह भी कहा कि इससे हमारे पर्यावरण को भी नुक़सान हो रहा है, इसलिए तारलागुडा में हो रहे अवैध रेत उत्खनन को तत्काल रोका जाना चाहिए, और इस मामले में जो भी लोग शामिल हैं उन पर कार्यवाही होनी चाहिए।

इस दौरान भोपालपटनम पूर्व मंडल अध्यक्ष और किसान मोर्चा के प्रदेश सदस्य नीलम गनपत राव पूर्व सांसद प्रतिनिधि और वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास रेड्डी भोपालपटनम एसटी मोर्चा के अध्यक्ष सुरेश यालम और भाजपा कार्यकर्ता बिछमैया कोरम विवेक तोकल आदि शामिल थे।


## कोंडागांव की सुशीला नेताम का राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चयन, ओलंपिक तक पहुंचने का सपना

**✷ माओवाद के साए में खेलों का उजाला**

कोण्डागांव, 03 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। कभी माओवाद के लिए पहचाने जाने वाले बस्तर संभाग अब खेलों के लिए भी पहचाना जा रहा है। यहाँ के युवा अब खेलों से जुड़ कर नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। ऐसे ही एक युवा खिलाड़ी हैं तीरंदाज सुशीला नेताम, जिन्होने एक बार फिर अपने प्रदर्शन से कोंडागांव जिले का नाम रोशन किया है। हाल ही में रायपुर के खेलो इंडिया कोदूराम वर्मा तीरंदाजी केंद्र में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुशीला ने राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई है। यह प्रतियोगिता 15 से 20 दिसंबर के बीच जमशेदपुर (झारखंड) में आयोजित की जाएगी।

### कक्षा आठवीं से शुरू हुआ तीरंदाजी का सफर

ग्राम बोटीकनेरा की रहने वाली सुशीला नेताम ने अपनी तीरंदाजी की शुरुआत कक्षा आठवीं में शुरू की थी। वर्तमान में वह पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में रहकर कॉलेज की पढाई कर रही है और तीरंदाजी का प्रशिक्षण ले रही हैं। सुशीला बताती हैं कि शुरुआत में उन्हें तीरंदाजी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। पहले मैच में प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप न होने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। घरवालों और शिक्षकों के सहयोग से आत्मविश्वास हासिल



किया और कठिन मेहनत के बाद धीरे-धीरे अपने खेल में सुधार किया।

## एक दिवसीय रोजगार मेला 04 दिसम्बर को

**✷ 4225 पदों पर ली जाएगी भर्ती**

कोंडागांव, 03 नवम्बर (दण्डकारण्य समाचार)। जिला कोण्डागांव एवं अन्य जिले के शिक्षित युवकों और युवतियों के लिए कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मॉडल कैरियर सेन्टर कोण्डागांव द्वारा 04 दिसंबर 2024 दिन बुधवार को सुरडोंगर मैदान, केशकाल में पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के 12 नियोजकों द्वारा अपनी-अपनी संस्थाओं में 4225 विभिन्न पदों पर कार्य करने हेतु भर्ती की जाएगी। इस रोजगार मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र में नियोजित होने के इच्छुक एवं पात्र युवक-युवतियां अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, रोजगार पंजीयन निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि, मूल दस्तावेज, छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उक्त दिवस को रोजगार मेला में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## जिओ मोबाईल टावर में माओवादियों ने की आगजनी



बीजापुर 03 नवम्बर (दण्डकारण्य समाचार) जिओ टीम की ओर से थाना तोयनार में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। 01दिसंबर की रात सादे वेशभूषा में अज्ञात माओवादियों के द्वारा ग्राम मोरमेड़ में स्थापित जिओं टावर में आगजनी की गयी है । माओवादियों के द्वारा किये गये आगजनी से जिओं टावर में लगे उपकरण क्षतिग्रस्त हो गये है। घटनास्थल से माओवादियों के पश्चिम बस्तर डिवीज़न कमेटी द्वारा जारी पाम्पलेट मिला है स थाना तोयनार क्षेत्रान्तर्गत मोरमेड़ में संचार सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु यूएसओएफ योजना के तहत् ग्राम पंचायत मोरमेड़ में जीयो का मोबाइल टॉवर स्थापित किया गया था ।जन कल्याणकारी कार्यो के विरोधी माओवादियों के द्वारा बौखलाहट में इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। थाना तोयनार में सूचना पर प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।